राजा मानसिंह तोमर
संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर, मध्यप्रदेश

Raja Mansingh Tomar
Music and Arts University
Gwalior, Madhya Pradesh

क्रमांक / 257 / परीक्षा / रा.मा.तो.वि.वि / 2021 / ग्वालियर दिनांक 02 / 08 / 2021

**संशोधित**

प्रति,

प्राचार्य
समस्त सम्बद्धता प्राप्त संगीत एवं कला महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश

**विषय :– वार्षिक परीक्षा अप्रैल 2021 एवं सेमेस्टर परीक्षा जून 2021 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित समय पर न भराने संबंधी।**

**संदर्भ :– पत्र क्रमांक 101 / परीक्षा / रा.मा.तो.वि.वि. / 2021 ग्वालियर दिनांक 09.07.2021।**

**महोदय / महोदया,**

उपरोक्त विषयांर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक परीक्षा अप्रैल 2021 एवं सेमेस्टर परीक्षा जून 2021 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से भरने हेतु पत्र क्रमांक 101 / परीक्षा / रा.मा.तो.वि.वि. / 2021 ग्वालियर दिनांक 09.07.2021 के माध्यम से दिनांक 10.07.2021 से 23.07.2021 तक तिथि निर्धारित की गई थी। परन्तु विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा निर्धारित तिथि तक अनेक परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भराये गए एवं इस संबंध में उनके द्वारा उक्त दिनांको के पश्चात् परीक्षा आवेदन भरने संबंधी लिंक को खोलने विषयक पत्राचार / ई–मेल किए जा रहे हैं।

परीक्षार्थिओं के परीक्षा आवेदन जो कि महाविद्यालय के माध्यम से भराये जाते है, जो कि महाविद्यालयों की उक्त विषयक एवं परीक्षा जैसे संवेदनशील कार्य के प्रति उदासीनता एवं असंवेदनशीलता को दर्शाता है। जिससे संबंधित विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय को अनावश्यक रूप से असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त प्रकरण के संबंध में विभिन्न छात्र / छात्राओं / अभिभावकों एवं महाविद्यालयों से प्राप्त आवेदनों / ई–मेल पर विचार कर छात्रहित को केन्द्र में रखते हुए दिनांक 29.07.2021 को अपरांह 03 बजे माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में 15 सदस्यीय परीक्षा समिति की बैठक आहूत की गई।

उक्त बैठक में विचार–विमर्श उपरांत सर्व–सहमति से छात्रहित में केवल ऐसे परीक्षार्थियों के लिए जिनका नामांकन जनरेट है व परीक्षा आवेदन भरने संबंधी समस्त दस्तावेज निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय में प्राप्त है के लिए **दिनांक 03 व 04 अगस्त 2021** को **विलम्ब शुल्क रू. 500 / –(पॉच सौ रूपये मात्र)** के साथ परीक्षा आवेदन भरने संबंधी लिंक खोले जाने का निर्णय लिया गया। महाविद्यालयों की संबंधित छात्रों के प्रति एवं परीक्षा जैसे संवेदनशील कार्य में उदासीनता एवं असंवेदनशीलता को आधार मानकर एक मुश्त राशि रू. 5000 / –(पॉच हजार रूपये मात्र) अर्थदण्ड के रूप में विश्वविद्यालय के खाते में जमा कराये जाने की अनुशंसा की गई।

अतः निर्धारित तिथि तक परीक्षा आवेदन न भराये जाने वाले महाविद्यालयों को अंतिम अवसर दिया जाता है कि दिनांक 10 / 08 / 2021 तक एक मुश्त राशि रू. 5,000 / (पॉच हजार रूपये मात्र) विश्विद्यालय के खाते क्रमांक **914010031242117** में जमा कर, जमा की गई राशि के साक्ष्य की छायाप्रति पृथक से अधोहस्ताक्षरकर्ता को आवश्यक रूप से भेजना सुनिश्यित करें साथ ही परीक्षा आवेदन न भरने वाले छात्रों की एक ऐसी सूची जिसमें नामांकन नम्बर व कक्षा अंकित कर, प्राचार्य के हस्ताक्षर व सील हो, विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

निरंतर.....

स्वरांग परिसर, नीडम रोड़, नाका चन्द्रवदनी चौराहा ग्वालियर (म.प्र.)–0751–4031934 फैक्स नं0 0751–4031934 निवास–0751–2442800

E-mail registrar.music2008@gmail.com
Exam.rmtmusic@gmail.com

राजा मानसिंह तोमर
संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर, मध्यप्रदेश

Raja Mansingh Tomar
Music and Arts University
Gwalior, Madhya Pradesh

उक्त संबंधित विषय में महाविद्यालय द्वारा किसी भी परीक्षार्थी से किसी भी प्रकार का शुल्क न वसूला जाये, अगर इससे संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत विश्वविद्यालय को प्राप्त होती है तो विश्वविद्यालय को ऐसे महाविद्यालय की सम्बद्धता निरस्त करने पर विवश होना पड़ेगा। जिसका सम्पर्ण उत्तरदायित्व संबंधित प्राचार्य / महाविद्यालय प्रबंधन का होगा।

**(परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित)**

**परीक्षा नियंत्रक**

क्रमांक / २५८..... / परीक्षा / रा.मा.तो.वि.वि / 2021 / ग्वालियर दिनांक ०२. / ०४/.2021

**प्रतिलिपि :–**

1. मान. कुलपति सचिवालय, रा.मा.तो.वि.वि. ग्वा. को सादर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव कार्यालय, रा.मा.तो.वि.वि. ग्वा. को सादर सूचनार्थ।
3. कार्यालय संस्कृति संचालनालय, संस्कृति विभाग म.प्र. शासन को सादर सूचनार्थ
4. वित्त नियंत्रक, रा.मा.तो.वि.वि. ग्वा. को सादर सूचनार्थ।
5. समस्त विभागाध्यक्ष रा.मा.तो.वि.वि.ग्वा. को सूचनार्थ।
6. प्रभारी, पी.आर.ओ. रा.मा.तो.वि.वि.ग्वा. को सूचनार्थ।
7. एम.पी.ऑनलाइन पोर्टल को आवश्यक कार्यवायी हेतु सूचनार्थ ।
8. वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ।
9. सूचना पटल पर चस्पा करने बावत्।

**परीक्षा नियंत्रक**

स्वरांग परिसर, नीडम रोड़, नाका चन्द्रवदनी चौराहा ग्वालियर (म.प्र.)–0751–4031934 फैक्स नं0 0751–4031934 निवास–0751–2442800

**E-mail registrar.music2008@gmail.com**
**Exam.rmtmusic@gmail.com**